**खबर संक्षेप**

## सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा बैठक संपन्न



**मण्डला।** अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले की ग्रेडिंग सुधारने का प्रयास करें। 50 दिवस से अधिक वाले प्रकरणों को प्राथमिकता से लें एवं आवेदकों से बात करते हुए प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं। बैठक में एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम सहित संबंधिक जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महाविद्यालय अंजनिया में कार्यक्रम आयोजित

**मण्डला।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा एवं खेल युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय अंजनिया के क्रीड़ा विभाग तथा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार हरदहा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि हमें नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए। खेल से शरीर स्वस्थ रहता है। क्रीड़ाधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार यादव ने मेजर ध्यानचंद के जीवन परिचय से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए खेल के प्रति समर्पण से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इसके पश्चात प्राचार्य द्वारा शतरंज खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय से डॉ. विजय मौर्य, डॉ. सुरेंद्र लिल्हारे, डॉ. घनश्याम झरिया, डॉ. गरिमा छाबड़ा, संदीप चौरसिया, संतोष नंदा एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## कौशल एवं तकनीकी विकास योजना के लिए 6 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित

**मण्डला।** हाथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्रों के लिए कौशल एवं तकनीकी विकास योजना 2021 अंतर्गत मण्डला जिले के बुनकरों एवं शिल्पियों, स्व-सहायता समूहों, बुनकर सहकारी समितियों, मास्टर उद्यमियों से वर्ष 2025-26 हेतु करघे एवं हस्तशिल्प उपकरण प्राप्त करने हेतु 6 सितंबर 2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। उक्त कार्य के लिए हाथकरघा संचालनालय भोपाल से विवरण अनुसार बजट आवंटित किया गया है।

**मेजर ध्यानचंद खिलाड़ियों के आदर्श-मंत्री संपतिया उइके**

# इनडोर स्टेडियम में नवीन कुश्ती मैट का शुभारंभ





*** जिला खेल एवं युवक कल्याण अधिकारी द्वारा खेल गतिविधियों की जानकारी दी गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने इनडोर स्टेडियम में मेजर ध्यानचंद के सम्मान में राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह और नवीन कुश्ती मैट का उद्घाटन कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान मंत्री श्रीमती उइके ने नवीन कुश्ती मैट का फीता कटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष विनोद कछवाहा, रानू राजपूत, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सहायक कलेक्टर आकिप खान, एसडीएम घुघरी हुनेन्द्र घोरमारे, तहसीलदार मंडला हिमांशु भलावी, कुश्ती संघ के जिला अध्यक्ष सहित विभिन्न क्लबों से जुड़े खिलाड़ी व प्रशिक्षक, जिला कुश्ती संघ के पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री उईके ने कहा कि मेजर ध्यानचंद का जीवन संघर्ष और सफलता की कहानी है। विपरीत परिस्थितियों में भी उत्कृष्टता को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने स्थानीय स्तर पर खेलों को मिल रहे प्रोत्साहन के लिए कुश्ती संघ सहित विभिन्न खेल संघों के कार्यों की सराहना की। खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा दिए जा रहे खेल प्रशिक्षण को सराहा। कुश्ती से जुड़े पारंपरिक आयोजनों के माध्यम से पारंपरिक खेलों के प्रोत्साहन के लिए जिला कुश्ती संघ को साधुवाद किया। उन्होंने जिले में खेल से जुड़े अधोसंरचना का विकास करने की बात कही। इस दौरान मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने राष्ट्रीय खेल दिवस की शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम में विकास खड़ारकर जिला खेल एवं युवक कल्याण अधिकारी द्वारा खेल गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के पहले मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित की गई और मेजर ध्यानचंद एवं राज्य खेल अकादमी से संबंधित लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम में स्थानीय खिलाड़ियों के द्वारा कुश्ती कराते वूशु का प्रदर्शन किया गया। खेल एवं युवक कल्याण विभाग के खेल प्रशिक्षकों को मंत्री श्रीमती उइके ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया। डीएसओ द्वारा आभार प्रदर्शित किया गया।



## जीवामृतः अब किसान घर पर ही बनायेंगे मिट्टी का अमृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आत्मा परियोजना अंतर्गत राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना के माध्यम विकासखंड बीजाडांडी अंतर्गत 7 ग्राम पंचायत को प्राकृतिक खेती क्लस्टर के रूप में चयनित किया गया है। जिसमें 875 किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पाठा चौरई एवं बरगांव ग्राम पंचायत में बीटीएम मोहित गोल्हानी द्वारा प्राकृतिक खेती में पंजीकृत किसानों को जागरूक कर अपने खेत में जीवामृत प्रयोग की विधि बताई गई। किसानों को कम लागत में घर पर ही प्राकृतिक खाद एवं दवाईयां, कीट प्रबंधन एवं पोषण प्रबंधन की उपलब्धता के लिये 4 बायो रिसोर्स सेंटर खोले जाने की जानकारी दी। बीआरसी के माध्यम से किसानों को आसानी से खाद एवं दवाईयां उपलब्ध कराई जाएगी। परियोजना संचालक आत्मा अश्वनी झारिया एवं उप परियोजना संचालक अंजू कोड़ापे के मार्गदर्शन में प्राकृतिक खेती न केवल स्वास्थ्य के लिये लाभदायक है बल्कि पर्यावरण, मिट्टी और भूमिगत जल को दूषित होने से बचाता है। जीवामृत, घनजीवामृत, पंचगव्य रोग एवं कीट नियंत्रण हेतु दशपर्णी अर्क, अग्नेयास्त्र, नीमास्त्र आदि बनाने कि विधि और कब और कैसे कितनी मात्रा में इसका प्रयोग करना है ? इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

किसानों ने जैविक खाद दवाईयों के बारे में समझकर उपयोग करने का संकल्प लिया। माना कि इस पद्धति से खेत में कार्बनिक तत्वों की मात्रा में वृद्धि होगी और मिट्टी में जलधारण क्षमता बढ़ेगी, साथ ही लागत कम और उत्पादन में वृद्धि होगी। कार्यक्रम में कृषि विस्तार अधिकारी अनिल मुनिया, चिंता लाल कोकड़िया, सरपंच, जनप्रतिनिधि, कृषि सखी तथा उन्नतशील कृषक शामिल रहे।



## प्रशासन आपके द्वारा कार्यक्रम का ग्राम टकटौआ में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला पुलिस द्वारा दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर शिविरों (कैम्प) का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आम ग्रामीणों को शासन की जनहितैषी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना, उनकी समस्याओं को सुनना और उन्हें स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान करना है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी ऐसे शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किए गए, जिनके अंतर्गत ग्राम स्तर पर आवश्यक दस्तावेज—जैसे पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड आदि—का अद्यतन कराया गया, ताकि कोई भी व्यक्ति दस्तावेजों की कमी की वजह से योजनाओं से वंचित न रहे। इसी क्रम में "प्रशासन आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत दिनांक 28 अगस्त 2025 को थाना बिछिया के अंतर्गत नक्सल प्रभावित ग्राम टकटौआ में संयुक्त ग्रामीण जागरूकता शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को शासन की प्रमुख योजनाओं, उनसे जुड़ी उपयोगी दस्तावेज सुविधाओं और उपलब्ध सहायता सेवाओं (जैसे आपातकालीन हेल्पलाइन और वित्तीय योजनाएँ) से संबंधित जानकारी प्रदान की गई, तथा उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर सुनकर तत्काल समाधान सुनिश्चित किया गया।



यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासन और आम जन के बीच विश्वास, संवाद और सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम सिद्ध हो रही है। इस दौरान सायबर क्राईम, महिला अपराध, बाल शोषण, नशा मुक्ति, नये कानून, यातायात नियमों तथा किसी घटना दुर्घटना में डायल 100-112 एवं सायबर हेल्प लाईन 1930 के संबंध विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शिवकुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मंडला, सोनाली देव, अनुविभागीय दण्डाधिकारी, बिछिया, निरीक्षक भीष्म प्रसाद तिवारी, थाना प्रभारी, बिछिया, तथा अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी व उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त, इस कार्यक्रम में नक्सल आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति के संबंध में जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। जिसमें खाद्य सहायता योजना, व्यावसायिक प्रशिक्षण और सरकारी नौकरी के अवसर जैसे लाभ भी उपलब्ध कराए जाते हैं, यह नीति आत्मसमर्पण को सुरक्षित एवं सम्मानजनक पुनर्वास के साथ मुख्यधारा में पुनः शामिल होने का अवसर प्रदान करती है।

## मेजर ध्यानचंद की जयंती पर ब्रेन चाइल्ड एकेडमी में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



ब्रेन चाइल्ड एकेडमी में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। यह दिन महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया गया, जिनका भारतीय खेल इतिहास में अविस्मरणीय योगदान है। इस मौके पर स्कूल ने खेल भावना और टीम वर्क के महत्व को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत थीम असेंबली से हुई, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय और खेल प्रतिज्ञा ली। इसके बाद मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जहां उनकी उपलब्धियों और खेल के प्रति उनके समर्पण पर प्रकाश डाला गया।



छात्रों ने खेल के महत्व पर भाषण और कविताओं के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। भारतीय ओलंपिक की उपलब्धियों को एक नाटकीय प्रदर्शन के रूप में छात्रों ने पेश किया। इसके बाद, स्कूल के प्रांगण में सामूहिक पीटी ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

भारत के महान धावक मिल्खा सिंह के जीवन और उपलब्धियों पर एक डांस ड्रामा प्रस्तुत किया गया जो कि सभी छात्रों के लिए प्रेरणादायक रहा। अंत में, स्कूल के वार्षिक खेल महोत्सव (स्पोर्ट्स मीट) का उद्घाटन समारोह हुआ और वरिष्ठ कक्षाओं के बीच इंटरहाउस बास्केटबॉल मैच का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने खेल भावना और टीम वर्क का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के डॉयरेक्टर निशांत शुक्ला, प्राचार्या डॉ दिव्या शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ एवं संचालन में वरिष्ठ कोऑर्डिनेटर राजुल सिंहानी,सोनिया जैन, स्पोर्ट्स टीचर अभिषेक यादव, रवि ठाकुर एवं समस्त शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

**अनावरण** | **राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह की प्रतिमा का मंत्री श्रीमती उइके ने किया।**

# जारगा में हुआ सामुदायिक भवन का भूमिपूजन





*** मंत्री सम्पतिया उइके ने दुर्गा मंदिर में की पूजा अर्चना।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने आज जारगा-जारगी में अमर शहीद राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान मंत्री श्रीमती उइके ने गांव के विकास के लिए सामुदायिक भवन (परिक्रमा आश्रम) और 12 लाख रुपये की लागत से बनने वाले हाट बाजार शेड का भूमिपूजन किया।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि सरकार जनजातीय समाज के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने पीएम जन मन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से हुए बदलाव की विस्तार से जानकारी दी। मंत्री श्रीमती उइके ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि नल जल योजना के तहत 15 करोड़ से अधिक घरों में पानी पहुंचाया जा चुका है और सरकार किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए भी प्रयास कर रही है।

इसके साथ ही मंत्री श्रीमती उइके ने जारगा-जारगी गांव में बिजली की व्यवस्था के लिए अपनी विधायक निधि से 50 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की, कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण हों। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत खुर्सीपार में रंगमंच के निर्माण के लिए 2 लाख रुपये की राशि भी प्रदान की। इस दौरान छात्रावासों की छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम के पहले मंत्री श्रीमती उइके ने दुर्गामंदिर में पूजन कर ग्रामवासियों एवं जिलेवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में श्री प्रफुल्ल मिश्रा, ग्राम टिकरवारा के सरपंच श्रीमती श्रद्धा उइके कुवरेती, स्थानीय सरपंच श्रीमती पन्द्रे, श्रीमती अनीता तिवारी, श्रीमती सुनिता सैयाम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## कार्यालय मार्ग पर जानलेवा गड्ढा बना मुसीबत

*** आए दिन हो रहे हादसे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 20 तिलक वार्ड में स्थित कार्यालय मार्ग पर बना एक बड़ा गड्ढा राहगीरों के लिए खतरे का कारण बन चुका है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में कार्यालय कर्मचारी, आगंतुक और छात्रावास के बच्चे गुजरते हैं, लेकिन यह गड्ढा उनके लिए दुर्घटना का कारण बन रहा है। आए दिन लोग इसमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

बताया जा रहा है कि कलेक्टरेट रोड से जब इन कार्यालयों की ओर रुख किया जाता है, तो सबसे पहले यह गड्ढा सामने आता है और राहगीरों को परेशानी में डाल देता है। उक्त मार्ग पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला शिक्षा केंद्र, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं दो कन्या छात्रावास संचालित हैं। ऐसे में पूरे दिन यहां आवागमन बना रहता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस गड्ढे को लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका से अपील की जा रही है कि वह इस मुद्दे को प्राथमिकता से लेते हुए गड्ढे की मरम्मत करवाए, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से बचा जा सके और राहगीरों को राहत मिले।

### इनका कहना है :-

*आज कुछ कर्मचारियों द्वारा मुझे फ़ोन के माध्यम से सूचित किया गया। तत्पश्चात मैं स्वयं मौके पर पहुँचा और स्थिति का जायज़ा लिया। संबंधित गड्ढे की मरम्मत एवं भराई कार्य आगामी एक-दो दिनों के भीतर पूर्ण करवा दी जाएगी।*

***-अखिलेश कछवाहा, तिलक वार्ड पार्षद एवं उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद, मण्डला***

# जर्जर भवन गिरने के बाद दो साल से पंचायत भवन में चल रहा स्कूल, एक कमरे में 5 कक्षाएं



**हरिभूमि न्यूज करंजिया।** जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत विश्वविख्यात गोंडी चित्रकला के लिए प्रसिद्ध पाटनगढ़ गांव के नौनिहाल आज भी मूलभूत शिक्षा सुविधाओं से वंचित हैं। गांव का प्राथमिक शाला भवन दो वर्ष पूर्व जर्जर होने के चलते डिस्मेंटल कर दिया गया था तब से लेकर आज तक नया भवन नहीं बन पाया है। नतीजा पहली से पांचवीं कक्षा तक के छात्र. छात्राएं पंचायत भवन के एक छोटे से कमरे में किसी तरह पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

एक ही कमरे में दो शिक्षक अलग.अलग कक्षाओं को पढ़ाने की कोशिश करते हैंए जिससे शिक्षा की गुणवत्ता पर सीधा असर पड़ रहा है। शिक्षिका ने बताया कि पंचायत भवन में लगातार ग्रामीणों का आना.जाना लगा रहता है। पंचायत के दैनिक कार्य भी यहीं संपन्न होते हैं। जब पंचायत में बैठक या कोई सरकारी कार्यक्रम होता हैए तो बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है और कभी.कभी स्कूल की छुट्टी करनी पड़ती है।

जब मौसम साफ होता है तो कुछ बच्चों को जर्जर भवन के खुले फर्श पर बैठाकर पढ़ाना पड़ता है जो न केवल असुविधाजनक है बल्कि खतरनाक भी है। बच्चों की पढ़ाई में न केवल शोरगुल का प्रभाव पड़ता हैए बल्कि संक्रमण का खतरा भी मंडराता है क्योंकि इसी भवन से स्वास्थ्य विभाग का संचालन भी किया जा रहा है। टीकाकरण, दवा वितरण और मरीजों की आवाजाही के चलते बच्चों के स्वास्थ्य पर सीधा खतरा बना रहता है।ग्राम पंचायत भवन के पास स्थित आंगनवाड़ी भवन भी जर्जर हो चुका है। उसकी छत का प्लास्टर गिरने से उसे बंद कर दिया गया है और अब आंगनवाड़ी किराए के मकान में संचालित हो रही है।

ग्राम के सरपंच चंद्र विजय ने बताया कि एक ही भवन में स्कूलए पंचायत और स्वास्थ्य विभाग के संचालन से सभी गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।



उन्होंने मांग की कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील कार्यों के लिए अलग भवन की व्यवस्था तत्काल की जानी चाहिए।

गौरतलब है कि पाटनगढ़ गांव गोंडी चित्रकला की जन्मस्थली है और यहां के कलाकारों को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। प्रसिद्ध चित्रकार जनगण श्याम भज्जू श्याम और दुर्गा बाई जैसे कलाकारों ने इस गांव का नाम विश्व मानचित्र पर स्थापित किया है। भज्जू श्याम और दुर्गा बाई को पद्मश्री जैसे प्रतिष्ठित सम्मान भी मिल चुके हैं। ऐसे गांव के बच्चों के लिए यदि एक उपयुक्त स्कूल भवन तक उपलब्ध न होए तो यह प्रशासनिक उदासीनता का जीता.जागता उदाहरण है। ग्रामीणों और छात्रों की एक ही मांग है  पाटनगढ़ में जल्द से जल्द नया स्कूल भवन बनाया जाए ताकि बच्चों का भविष्य अंधकारमय न हो और वे भी शिक्षा के माध्यम से अपनी प्रतिभा को संवार सकें।

## खबर संक्षेप

### अमरकंटक के जंगल में मिला तेंदुए का शव

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। राजेंद्रग्राम उपवन मंडल के अमरकंटक वन परिक्षेत्र अंतर्गत फर्रीसेमर के जंगल में वन विभाग की टीम को एक मृत तेंदुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही विभागीय अमला मौके पर पहुँचा और शव को कब्ज़े में लिया। ज्ञात हो कि वन परिक्षेत्र के बीट गार्ड हरीलाल प्रजापति नियमित गश्त पर थे, तभी उन्हें तेंदुआ मृत अवस्था में दिखाई दिया। इसकी सूचना उन्होंने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही उपवनमंडल अधिकारी एवं वनमंडल अधिकारी अनूपपुर को जानकारी दी गई और वन अमला मौके पर पहुँच गया। विभाग द्वारा तेंदुए की मृत्यु के कारणों की जांच की जा रही है। तेंदुए का पोस्टमार्टम बांधवगढ़ रिज़र्व से आए वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ. की टीम द्वारा किया जा रहा है। हालांकि, विभाग ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि तेंदुए की मौत किन परिस्थितियों में और किस कारण से हुई। विभाग का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारण सामने आएगा। अमरकंटक क्षेत्र में हाल के दिनों में लगातार वन्यजीवों की मौजूदगी देखी जा रही है और अब इस तरह मृत अवस्था में तेंदुआ मिलने से स्थानीय लोगों में भय और आशंका का माहौल व्याप्त है।

### परीक्षाओं के लिए प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी

हरिभूमि न्यूज़ अनूपपुर। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय अनूपपुर द्वारा माध्यमिक शिक्षा मण्डल की परीक्षाओं हेतु 59 प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी कर दी गई है। यदि पालक, शिक्षक, विद्यार्थियों तथा अन्य नागरिकों को परीक्षा केन्द्रों के संबंध में कोई आपत्ति या अन्य सुझाव दिया जाना हो तो वह अपना सुझाव या आपत्ति जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय अनूपपुर में 4 सितम्बर तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय डिंडोरी में खेल दिवस पर हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** परिवहन कार्यालय के सामने स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय डिंडोरी में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विविध खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य सुनील कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस देश के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है। यह दिन न केवल उनके योगदान को याद करने का अवसर होता हैए बल्कि खेलों के प्रति जागरूकता और स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने का भी संदेश देता है।इस अवसर पर विद्यालय में छात्रों के लिए रस्साकशी सहित अन्य फिटनेस आधारित खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईंए जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य श्री सोनी द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में टीम भावनाए अनुशासन और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित होती है।

## खाद दुकानों पर कृषि विभाग की सख्ती किसानों के हित में हुई विशेष जांच



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** किसानों को समय पर और उचित दर पर खाद उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। इसी कड़ी में डिंडोरी जिले में लगातार मिल रही शिकायतों के बाद कृषि विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए दुकानों पर विशेष निरीक्षण किया। आज दिनांक 29 अगस्त 2025 को प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विस्तार अधिकारी की टीम ने शहपुरा नगर में जांच अभियान चलाया। सबसे पहले डिंडोरी रोड स्थित आशीष सोनी खाद बीज भंडार और इसके बाद उमरिया रोड स्थित साहू ट्रेडर्स पर निरीक्षण किया गया। टीम ने दुकानों के स्टॉक रजिस्टरए विक्रय पंजी की गहन जांच करते हुए गोदाम का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान शहपुरा नगर के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी गुमान सिंह चौहान सहित कृषि विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि किसी भी कीमत पर किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई दुकानदार शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर खाद बेचेगा तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग की इस कार्रवाई से किसानों में संतोष का माहौल देखा गया। किसानों ने इसे विभाग का सराहनीय कदम बताया और कहा कि इससे उन्हें उचित दाम पर खाद मिलने में आसानी होगी। साथ हीए बाजार में कालाबाजारी और जमाखोरी पर भी अंकुश लगेगा। इस तरह की समय.समय पर होने वाली कार्रवाई से पारदर्शिता बढ़ेगी और किसान निश्चिंत होकर खेती.किसानी के काम में जुट सकेंगे।

## निर्विरोध शाला प्रबंधन समिति का हुआ निर्वाचन महिला सशक्तिकरण का दिखा असर, शाला विकास का लिया संकल्प



अमरपुर। मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशन पर शाला प्रबंधन समिति का निर्वाचन किया गया। जिसके तहत एकीकृत माध्यमिक शाला सारंगढ़ में समारोह पूर्वक शाला प्रबंधन समिति के निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्षए उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया गया। शाला प्रबंधन समिति के निर्वाचन प्रक्रिया में पर्यवेक्षक अरुण कुमार बट्टे ने निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया में सम्मिलित होकर निर्वाचन संपन्न कराया। उनके साथ जनशिक्षक देवेंद्र साहूए पेत्रुष कुमार मुरली उपस्थित रहे। शाला प्रबंधन समिति के निर्विरोध अध्यक्ष अनीता बघेल वहीं उपाध्यक्ष श्रीवती बघेल को सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए। शाला प्रबंधन समिति के पदेन सदस्य सचिव मधुदीप उपाध्यायए पर्यवेक्षक अरुण कुमार बट्टेए जनशिक्षक देवेंद्र साहूए पेत्रुष कुमार मुराली ने निर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को घोषणा पत्र का प्रमाण पत्र सौंप कर सदस्यों को शाला विकास का संकल्प कराया। जिसमें मुख्य रूप से मनोनीत पंच सदस्य सुखमत बाई मसरामए वार्ड पंच पतीराम धुर्वेए पंच सुखीराम यादवए निवर्तमान अध्यक्ष यशोदा मसराम शाला परिवार से रामप्रसाद यादवए भगत सिंह मरकामए संतोष कुमार मसराम एवं पालकए अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## जर्जर स्कूल, आंगनबाड़ी में चल रही पढ़ाई, बच्चों की जान जोखिम में




**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जिले के बैगा आदिवासी बहुल जामपानी गांव में प्राथमिक शाला और आंगनवाड़ी केंद्र की हालत बेहद खराब हो चुकी है। सरकारी योजनाओं के नाम पर यहां केवल जुगाड़ के भरोसे बच्चों की पढ़ाई और पोषण की व्यवस्था चल रही है। गांव में मौजूद दोनों भवनों की छतें और दीवारें इतनी जर्जर हो चुकी हैं कि किसी भी वक्त हादसा हो सकता है।बारिश के मौसम में समस्या और बढ़ जाती है। स्कूल और आंगनवाड़ी की छतों पर पानी भर जाता हैए जिससे कमरों के भीतर लगातार पानी टपकता है। पानी की निकासी के लिए छत में बड़ा छेद कर पाइप डाला गया हैए जिससे कुछ पानी बाहर निकल जाता हैए लेकिन खतरा बना ही रहता है।तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि भवनों की दीवारों में गहरी दरारें आ चुकी हैं और छत से मलबा गिरना आम बात हो गई है। शिक्षक और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता खुद मानते हैं कि यह भवन कभी भी गिर सकता हैए लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब तक कोई कदम नहीं उठा रहे हैं।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अर्चना उपाध्याय बताती हैं कि बरसात में पानी टपकने के कारण केंद्र चलाना मुश्किल हो जाता है और पाइप लगाकर जैसे.तैसे पानी निकाला जा रहा है। वहीं प्राथमिक शाला की शिक्षिका लक्ष्मी चौहान का कहना है कि भवन की जर्जर हालत की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी जा चुकी हैए लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है।स्थानीय अभिभावक कामेस्वरी बाई का कहना है कि इस हालत में बच्चों को स्कूल भेजना खतरे से खाली नहीं है। संकुल समन्वयक देवी सिंह कुशराम का कहना है कि यदि शिक्षक सूचना देंगे तो वे वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद भी प्रशासन की ओर से अनदेखी की जा रही है। सवाल ये है कि क्या कोई बड़ा हादसा होने के बाद ही जिम्मेदार जागेंगेघ्

# मिलोडी टोला में पारंपरिक पैसा एक्ट ग्राम सभाएं

### देवगांव मॉल से अलग ग्राम सभा की शुरुआतः जल, जंगल और जमीन पर ग्रामीणों ने रखा जोर

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** ग्राम पंचायत देवगांव मॉल के अंतर्गत आने वाले मिलोडी टोला में शुक्रवारए 29 अगस्त को पेसा जिला समन्वयक मिथलेश कुलेश के निर्देशन में पारंपरिक पैसा एक्ट ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान देवगांव मॉल से मिलोडी टोला की ग्राम सभा को अलग करने की प्रक्रिया पूरी की गई। सभा की अध्यक्षता भोदल सिंह कुशराम ने की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत देवगांव मॉल के सरपंच मनोज मार्कोए उप सरपंच विद्या बाई कुशरामए सचिव बलराम सिंह सैयामए रोजगार सहायक रूप सिंह परस्तेए मोबिलाइजर रूप सिंह और ब्लॉक समन्वयक चोखे लाल धुर्वे विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने भी भागीदारी निभाई। बैठक में पैसा एक्ट के तहत जलए जंगल और जमीन के अधिकारों पर विशेष चर्चा की गई। ग्रामीणों ने कहा कि लघु वनोपज से होने वाला लाभ सीधे ग्राम सभा को मिलना चाहिए। साथ ही जल स्रोतों के संरक्षणए भूमि अधिग्रहण और विकास कार्यों में ग्राम सभा की सहमति अनिवार्य होनी चाहिए।ग्रामीणों का मानना है कि अब अलग ग्राम सभा बनने से उनके मुद्दों को प्राथमिकता मिलेगी और विकास कार्यों में पारदर्शिता आएगी। सभा में सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया कि श्जलए जंगल और जमीन पर पहला हक ग्राम सभा का होगा।



## राघोपुर बहुउद्देशीय परियोजना प्रभावित किसानों ने प्रशासन पर लगाए मनमानी के आरोप, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



**डिंडौरी।** राघोपुर बहुउद्देशीय परियोजना से प्रभावित किसानों में गहरा असंतोष देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को डूब क्षेत्र के किसानों ने कलेक्टर नेहा मारव्या के नाम एक ज्ञापन एसडीएम भारती मरावी को सौंपा। किसानों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी और ठेकेदार नियमों को दरकिनार कर गांव.गांव जाकर व्यक्तिगत पर्चियां बांट रहे हैंए जबकि यह मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन है।

### ग्राम सभा की अनुमति के बिना हो रहा कार्य

किसान संघ के प्रतिनिधि अमर सिंह मार्को ने बताया कि यह क्षेत्र पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आता हैए जहां ग्राम सभा की अनुमति के बिना कोई भी कार्य कानूनी नहीं है। बावजूद इसके निर्माण कार्य जारी हैए जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।किसानों का कहना है कि प्रशासन द्वारा वितरित की जा रही पर्चियां अधूरी हैंए जिनमें पेड़ए पौधे, मकान और निजी भूमि की सही जानकारी नहीं है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों द्वारा बलपूर्वक ग्राम सभाएं आयोजित कराई जा रही हैं।घुसियाए जूनवानीए खैरदाए सक्का और रमपुरी सहित कई ग्राम पंचायतें पूर्व में ही बांध निर्माण के विरोध में ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर चुकी हैं। बताया गया कि इस परियोजना से 48 गांव पूरी तरह और 4 गांव आंशिक रूप से प्रभावित होंगे।ज्ञापन सौंपने के दौरान ओमकार तिलगामए अधर कुशरामए रूप सिंह समेत सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

## सेंट्रल बैंक का एटीएम बना कचरा घर, जिम्मेदारों की लापरवाही उजागर




**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** डिंडोरी जिले के मेंहदवानी मुख्यालय में स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का ।ज्ड इन दिनों लापरवाही का शिकार बन चुका है। एटीएम के अंदर कचरे के ढेर लगे होने से ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैए लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे। ग्राहकों का कहना है कि जब वे पैसे निकालने एटीएम में जाते हैं तो वहां फैली गंदगी और दुर्गंध से उन्हें भारी असुविधा होती है। कई बार मशीन सही से काम न करने के कारण भी लोग घंटों परेशान होते हैं। बावजूद इसके बैंक प्रबंधन और संबंधित जिम्मेदारों ने अब तक सफाई और व्यवस्था सुधारने की जहमत तक नहीं उठाई। लोगों ने सवाल खड़ा किया है कि आखिर बैंक प्रबंधन केवल एटीएम मशीन लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेता है या ग्राहकों की सुविधा और सुरक्षा की भी कोई परवाह है। साफ.सफाई न होने से न सिर्फ बदबू बल्कि संक्रमण का खतरा भी बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही एटीएम परिसर की साफ.सफाई कर नियमित निगरानी की व्यवस्था नहीं की गईए तो वे बैंक प्रबंधन के खिलाफ विरोध दर्ज कराएंगे।जिम्मेदारों की यह लापरवाही आम जनता की परेशानी का सबब बन रही है। सवाल यह है कि बैंक प्रशासन कब जागेगा और कब ग्राहकों को राहत मिलेगी।

## संकल्प महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया बंगवार अंडर ग्राउंड माइंस का औद्योगिक भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** संकल्प महाविद्यालय के बीबीए एवं बी.एससी. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत बंगवार अंडरग्राउंड माइंस का सफल औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव उपलब्ध कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने भूमिगत खनन प्रक्रिया, खदानों की कार्यप्रणाली, मशीनों के संचालन तथा सुरक्षा उपायों की जानकारी प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त की। एसईसीएल के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विस्तार से बताया कि किस प्रकार कोयला उत्पादन देश की ऊर्जा आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और खनन कार्य में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। विद्यार्थियों ने उद्योग के वास्तविक वातावरण को नजदीक से समझते हुए यह अनुभव किया कि प्रबंधन, तकनीकी ज्ञान और सुरक्षा उपाय किसी भी उद्योग की सफलता के लिए कितने आवश्यक हैं। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा बल्कि उनके आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध हुआ। महाविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि संकल्प महाविद्यालय का उद्देश्य हमेशा से विद्यार्थियों को कक्षा की शिक्षा के साथ वास्तविक औद्योगिक अनुभव प्रदान करना रहा है। इसी कड़ी में इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिससे विद्यार्थियों को उद्योग की वास्तविक परिस्थितियों से रूबरू कराया जा सके। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य निदेशक ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने योग्य बनाते हैं और उनके करियर निर्माण में मील का पत्थर साबित होते हैं।

## खबर संक्षेप

### शाला प्रबंधन समिति का चुनाव सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।** गत दिवस शासन के निर्देशानुसार प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी के मार्गदर्शन में जन शिक्षा केंद्र के समस्त 30 विद्यालयों में शाला प्रबंधन समिति का चुनाव किया गया जिसमें स्थानीय ग्राम निवासियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई शाला प्रबंधन समिति के सभी चुनाव निर्विरोध की किए गए जिसमें संस्था प्रधान को सचिब का पदेन सदस्य घोषित किया गया इसके अलावा जिन विद्यालयों में दिव्यांग छात्र-छात्राएं अध्यनरत है उनके पलकों को भी विशेष स्थान समिति में दिया गया है जन शिक्षा केंद्र स्तर पर प्राचार्य महोदय के साथ-साथ पर्यवेक्षक के रूप में जन शिक्षा श्दीपक दुबे के द्वारा भी अनेक विद्यालयों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई गई इसके अलावा विगत दिवस सभी विद्यालयों में बाल रंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी विद्यालय की विद्यार्थियों ने बढ़ चलकर भाग लिया आज के आयोजन के लिए प्राचार्य द्वारा सभी को बधाई प्रेषित की गई।

### गाली गलौच करने वाले आरोपी को सजा

**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नरसिंहपुर अंकिता श्रीवास्तव के न्यायालय गालीगलौच करने वाले आरोपी अनिल पुत्र उमेश महोबिया, आयु 30 वर्ष, निवासी- बरमान कला, चैकी बरमान, थाना सुआतला, जिला नरसिंहपुर को धारा 427 भा.दं.सं. में 03 माह का सश्रम कारावास से दंडित किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी एडीपीओ घनश्याम प्रजापति द्वारा की गई। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी अनिल महोबिया, आयु 30 वर्ष को धारा 427 भा.दं.सं. में 03 माह का सश्रम कारावास से दंडित किया गया।

### पानी में बहे व्यक्ति का मिला शव

**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।** विगत दिवस सींगरी नदी के तेज वहाव में बहे नेतराज गुडडू जाट उर्फ अंबानी पिता टार्जन सिंह जाट उम्र 55 वर्ष निवासी संजय वार्ड थाना कोतवाली का शव स्थानीय बड़े पुल के पास मिला। पुलिस ने मर्ग पंचानामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## 24 घंटे में दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

# जमीनी विवाद को लेकर हत्या





### पूर्व में भी सजायाफ्ता थे आरोपी

**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर। विगत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशनगंज अंतर्गत जमीनी विवाद के चलते व्यक्ति की हत्या कर पेट्रोल डालकर जलाने के मामले मे कार्रवाई करते हुए पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया वहीं उक्त घटना मे शामिल तीसरा आरोपी फरार है। फरार आरोपी को तलाश करने में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले आरोपी पूर्व में भी हत्या के मामले मे सजायाफ्ता है। पुलिस ने दोनो आरोपियों को न्यायालय की समक्ष पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।**

### मामला इस प्रकार

27 अगस्त को थाना क्षेत्र स्टेशनगंज के ग्राम झिरीकलां में छोटेलाल वंशकार व आकाश उर्फ अक्कू लोधी, मुन्नू लोधी, ईलू लोधी में खेत की मेढ़ को लेकर पुरानी बुराई थी। जिसके चलते प्रार्थी छोटेलाल वंशकार अपने खेत जा रहा था कि रास्ते में आकाश उर्फ अक्कू लोधी, मुन्नू लोधी, ईलू लोधी मिले जो पुरानी बुराई को लेकर गाली गलौच करने लगे और छोटे लाल वंशकार पर तलवार से प्राणघातक हमला कर दिया उसके बाद पेट्रोल डालकर जान से मारने की नियत आग लगा दी। उक्त घटना की सूचना डायल-100 पर मिलने पर थाना प्रभारी द्वारा घटना स्थल पर पहुँचकर घायल को जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर पहुँचाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी।

### पूर्व मामले मे सजायाफ्ता है आरोपी

उक्त मामले में आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए थे जिनकी तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा विशेष टीमों का गठन किया आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए थे। गठित की गयी टीमों द्वारा मुखबिरों एवं तकनीकी माध्यम से आरोपियों की पतासाजी कर आरोपी मुन्नू उर्फ केदार पिता गेंदालाल लोधी उम्र 45 साल, आकाश उर्फ अक्कू पिता गेंदालाल उम्र 32 साल दोनों निवासी झिरीकलां को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। पुलिस ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले आरोपी मुन्नू उर्फ केदार लोधी को अपराध क्रमांक 274/2015 धारा 302 भादवि. में आजीवन कारावास की सजा हुई है, जिसमें वर्ष 2022 में उच्च न्यायालय जबलपुर से जमानत पर रिहा हुआ था। पुलिस ने घटना मे उपयोग की गई। तलवार, पेट्रोल की कुप्पी, लाईटर व मोटर सायकल जप्त किया गया।

### पूर्व में नहीं की थी शिकायत

पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा द्वारा बताया गया कि आरोपी एवं मृतक का जमीनी की मेढ़ को लेकर विवाद था लेकिन दोनो पक्षों द्वारा उक्त विवाद को लेकर कोई शिकायत नही की थी। वही घटना मे शामिल तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही शीघ्र उसे भी गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया जावेगा। वही जमनात रद्द कराने की कार्रवाई भी पुलिस द्वारा की जा रही है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक रत्नाकर हिंगवे, उनि. विजय द्विवेदी, सउनि शिवराज पटैल, प्रधान आरक्षक अखिलेश धुर्वे, नरेन्द्र कुशवाहा, विजय धुर्वे, बरि. आरक्षक लक्ष्मी नगपुरे, संजय पाण्डेय, आरक्षक नंदकिशोर कुशवाहा, नसीम अख्तर, राजकुमार प्रजापति, पूरन मेहरा, मोहित ठाकुर, चालक प्रशांत ठाकुर, सैनिक राजेन्द्र राजपूत, नगर रक्षक नीलेश पटैल की विशेष भूमिका रही है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रशिक्षक एवं खिलाड़ियों का किया सम्मान




**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।** गत दिवस जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल की विशेष मौजूदगी में व्हालीबाल कोर्ट स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद जी की 120 वीं जयंती के उपलक्ष्य में खेलेगा देश, खिलेगा देश की थीम पर अपने स्वास्थ्य रखने एक घंटे मैदान के उद्देश्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथियों ने पूर्व खेल प्रशिक्षक एवं खिलाड़ियों का सम्मान किया। अतिथियों ने विश्व स्तर पर देश का हॉकी का परचम लहराने वाले मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, आशीष पटेल, सुनील कोठारी, संजय बनवारी, मयंक जैन, श्रीकांत श्रीवास्तव, अन्य जनप्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती सुनीता यादव, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी संदीप नेमा, व्हालीबॉल जोनल सेकेट्री मनीष कटारे, पंकज नेमा, अन्य अधिकारी- कर्मचारी, पूर्व वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक और खिलाड़ी मौजूद थे। राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिले के वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक एवं खिलाड़ियों को शाल- श्रीफल, तुलसी माला एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने वरिष्ठ व्हालीबॉल, कबड्डी , क्रिकेट, रोप स्कीपिंग , योगा , जूडो , कुश्ती , एथलेटिक, शतरंज में पंकज नेमा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बालक- बालिका की व्हालीबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीमों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया ने बच्चों को खेल में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी। पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि खेल और पढ़ाई के क्षेत्र में अपने मार्गदर्शी शिक्षक से मार्गदर्शन प्राप्त कर मेहनत के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने के लिए कहा। नगरपालिका अध्यक्ष नीरज दुबे ने कहा कि प्रशिक्षक खिलाड़ियों को मेहनत एवं लगन से प्रशिक्षित कर रहे हैं। उन्होंने युवा खिलाड़ियों से कहा कि आप देश के भावी भविष्य हैं, मन लगाकर खेल में मेहनत कर सफलता प्राप्त करें और देश, समाज व अपने परिवार का नाम रोशन करें। पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना ने कहा कि खेल में तन- मन- धन और अनुशासन के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए मेहनत करनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सीमा दीक्षित ने किया।

## जर्जर हो चुके पुलों की बढ़ाई जाये ऊंचाई



### आये दिन होते रहते हैं गंभीर हादसे

**तेंदूखेड़ा। तेंदूखेड़ा से इमझिरा और डोभी होकर बरमान जाने वाले सड़क मार्ग पर इमझिरा के समीप बरांझ नदी और डोभी के समीप पांडाझिर नदी पर बने पुल अपनी उम्र दराज पूर्ण कर लेने के उपरांत अब जर्जर होकर अपनी अंतिम सांसें गिन रहे हैं। कभी भी धराशाई होने के साथ गंभीर हादसों को आमंत्रण भी देने लगें हैं।इन दोनों नदियों पर बनें पुलों की ऊंचाई बहुत ही कम है, थोड़ी सी वारिश में आने वाले बाढ़ के पानी के कारण पुलों के ऊपर से पानी हो जाने के कारण सड़क मार्ग बंद हो जाता है। इस मार्ग के लोगों को घूम कर आवागमन करना पड़ता है।**

### निकल आये है बड़े बड़े गड्ढे

इमझिरा के समीप बरांझ नदी पर बने पुल की यह स्थिति बनी हुई है कि इनमें बढ़े बढ़े गड्ढे निकल आये है जिसमें छोटे बाहन चालकों को रात्रि में आवागमन के दौरान परेशानी हुआ करती है। अनेकों बार गड्ढे बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर टेक्ट्रर ट्रालियां भी पलट चुकी है।असमय मौतें हो चुकीं है। छोटी कारों के चाक पर इन गड्ढों में फंस जाने के कारण क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।समय समय पर जैसे तैसे इन गड्ढों को भर दिया जाता है लेकिन कुछ समय बाद पुनः वही स्थिति बन जाती है। कुछ समय पूर्व एक हिस्सा टूट भी गया था लेकिन उसमें वोल्डर पत्थर भरकर पुनः बना दिया गया लेकिन अब फिर वही स्थिति बनने लगी है। आखिर ऐसा कब तक चलेगा।

### हो रहा है मिट्टी का कटाव

पिछले कई दिनों से देखने में आ रहा है कि बरसात के दौरान बाढ़ के पानी से नदी का कटाव बड़ी मात्रा में होता चला जा रहा है। जिससे पाट काफी चौड़ा हो रहा है और बाजू से बनें पुल के लिए भी घातक सिद्ध हो रहा है।इस कटाव से ऊपर ग्राउंड और शवदाह गृह के लिए भी भविष्य में परेशानी के साथ जगह कम पड़ने लगेगी।समय रहते इन पुलों की ऊंचाई नहीं बढ़ाई गई तो आने वाले समय में और भी परेशानियां जन्म ले लेंगी। बरमान से तेंदूखेड़ा तक सड़क चौड़ी करण के दौरान इन दोनों पुलों के निर्माण ऊंचाई बढ़ाने को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया था लेकिन सेतु निगम द्वारा इस विषय पर अपनी सहमति प्रदान नहीं की। क्षेत्रीय लोगों ने तत्काल प्रभाव से इन दोनों पुलों की ऊंचाई बढ़ाने की दिशा में उचित कार्यवाही की मांग की है।

## आधार से बैंक खाता लिंकिग कराने कैंप 3 को

**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत लंबित आधार बैंक खाता लिंकिंग करने के उद्देश्य से जिले में विशेष कैम्प 3 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में अपर कलेक्टर नरसिंहपुर ने नरसिंहपुर, करेली, गोटेगांव, गाडरवारा, तेंदूखेड़ा एवं सांईखेड़ा के तहसीलदार व नायब तहसीलदार को कैम्प आयोजित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में आधार से बैंक खाता लिंकिंग हेतु 6314 हितग्राही लंबित हैं। उक्त लंबित कार्य को पूर्ण करने के उद्देश्य से यह कैंप आयोजित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं फार्मर रजिस्ट्री का कार्य गतिशील है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लंबित ई- केवायसी, आधार से बैंक खाता लिंकिंग- एनपीसीआई के अंतर्गत हितग्राहियों का कार्य पूर्ण कराया जाना है।

## नाबालिग की लज्जा भंग करने वाले आरोपी को कारावास सजा

**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।** न्यायालय द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीमती संतोषी वासनिक के न्यायालय द्वारा नाबालिग की लज्जा भंग करने के प्रकरण में आरोपी योगेश उर्फ इक्की आ. मानसिंह कहार आयु 34 वर्ष, निवासी - ग्राम बोदरी, थाना गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर म.प्र. को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को बीएनएस की धारा- 115(2)(शीर्ष दो) में 06-06 माह का कारावास (प्रत्येक शीर्ष के लिए) एवं 250-250- रूपये (प्रत्य्येक शीर्ष के लिए) अर्थदंड से दंडित किया गया।

## श्रीनगर सड़क पर फैला गंदगी का अंबर



### कागजों तक सीमित है पंचायत कर्मियों की साफ सफाई

**गोटेगांव।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत समीपवर्ती श्रीनगर ग्राम पंचायत में सीसी रोड पर गंदा पानी बहता था । उसके लिए ग्राम पंचायत के माध्यम से नाली का निर्माण एक साइड कराया गया था। अब उस हिस्से से गंदा पानी बंद हुआ तो दूसरी साइड के गंदा पानी बह कर सड़क पर आ रहा है और इसी गंदे पानी के ऊपर से लोगों के वाहन निकल रहे हैं। इस हिस्से में ग्राम पंचायत के द्वारा कच्ची नाली की भी खुदाई नहीं करवाई है ताकि उसके जरिए दूसरे साइड का गंदा पानी सीसी रोड़ के किनारे किनारे बह कर बाहर निकल सके। वर्तमान समय में शंकराचार्य का चातुर्मास व्रत परमहंसी गंगा आश्रम में चल रहा है। जहां हजारों श्रद्धालु भक्त पैदल एवं दूर दराज एवं वाहनों से निकलते हैं और सड़क पर बह रहे गंदे पानी से होकर गुजर कर जाना पड़ रहा है। कुल मिलाकर ग्राम पंचायत श्रीनगर स्वच्छता के मामले में बिल्कुल लापरवाह नजर आने के साथ-साथ स्वच्छता अभियान की पंचायत कर्मियों द्वारा धज्जियां उड़ाई जा रही है ग्राम पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी इस ओर ध्यान देना मुनासिब भी नहीं समझते, ग्राम पंचायत की साफ सफाई मात्र कागजो तक ही सीमित है जबकि धरातल पर हकीकत इसके विपरीत है इसी सड़क से होते हुए प्रतिदिन हजारों भक्त चातुर्मास व्रत अनुष्ठान कथा का रसपान करने परमहंसी झौतेशवर के लिए के लिए आवागमन करते हैं लेकिन श्रीनगर ग्राम पंचायत के जिम्मेदार पंचायत कर्मियों को जूं तक नहीं रेंग रही है स्थानीय ग्राम वासियों ने एवं आने जाने वाले श्रद्धालु भक्तों ने सड़क पर बह रहे गंदे पानी की समस्या का समाधान हेतु मांग कर रहे हैं।

## मेहरा समाज महासंघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग रखी

**गोटेगांव।** विगतदिवस अजय कुमार पिता गोविंदसिंह तिवारी मनमोहन पिता मानसिंह लोधी डोमनसिंह पिता कीरथसिंह दशरथ पिता वैनीसिंह लोधी बृजेश पिता परशराम लोधी चूरमन पिता लीलाधर लोधी शोभाराम पिता लीलाधर लोधी रामसिंह पिता चंद्रभान लोधी संतोष पिता धरीराम लोधी राकेश पिता चेतराम लोधी सभी निवासी ग्राम सगरा, थाना ठेमी तहसील गोटेगांव के विरुद्ध अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर तत्काल गिरफतारी करने तथा पीडित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने हेतु मेहरा समाज महासंघ ने जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें उल्लिखित किया है ग्राम सगरा के कोटवार श्रीराम पिता चंदनसिंह मेहरा द्वारा दूरभाष पर अवगत कराया है वाट्सएप पर आवेदन जो तहसीलदार गोटेगांव को संबोधित है में मांग की समाज विषयांतर्गत अपराधियों पर कार्यवाही करने में मेरा साथ दें। क्योंकि उक्त दबंग मुझसे दबाव में बेगारी कराते हैं। ग्राम कोटवार की नियुक्ति तहसील द्वारा की जाती है और वेतन आहरण भी तहसील द्वारा किया जाता है तो ग्राम कोटवार राजस्व विभाग का सरकारी कर्मचारी हुआ और सरकारी कर्मचारी के दायित्व सरकारा निर्धारित करती है, कोई गांव का दबंग व्यक्ति नहीं, विषयांतर्गत लिखे दबंग लोग लगातार बेगारी करवाते आ रहे हैं ग्राम कोटवार श्रीराम द्वारा बताए गए कार्य शादी, विवाह, फलदान, लगुन, बारात आदि में ग्राम कोटवारों से बेगारी करवाई जाती है यह स्थिति प्रदेश में प्रत्येक ग्राम कोटवारों से जबरजस्ती कराए जाते हैं। यह सब बेगारी कहलाती है जो कि बिना मेहनताना दिए कराया जाता है यह सब कार्य ग्राम कोटवार मजबूरी में करता है नहीं करने पर दबंग ग्रामीण गाली गलीच मारपीट पद हटवाने ग्राम से भगाने आदि की धमकी देते हैं। यह सब जानकारी शासन के पास है, अतः मेहरा समाज महासंघ यह सच्चाई बहुत अच्छी तरह से जानता है। सगरा ग्राम के कोटवार द्वारा बेगारी करने से मना करना बढी घटना है यह पुलिस और राजस्व अधिकारियों और दबंगों के खिलाप बगावत माना जाएगा और सभी मिलकर ग्राम कोटवार के साथ कोई बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं क्योंकि एक और घटना मेरे संज्ञान में आई है एक कोटबार अधिकारी के बंगले पर ड्यूटी करते हुए उत्सकी मौत हो गई, जो अधिकारी अपने बंगले पर ड्यूटी करा रहा था उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई. यह सब घटनाएं यह साबित करती है कि गरीबों की कहीं सुनवाई नहीं है। देश में प्रत्येक नागरिक हर मामले में न केबल समान है अपितु अवसरों की समानता हासिल हो देश की सबसे बडी धरोहर होती है। अतः मेहरा समाज महासंघ आपसे अनुरोध करता है अजय कुमार पिता गोविंद सिंह तिवारी मनमोहन पिता, मानसिंह लोधी, डोमन सिंह पिता कीरथ सिंह, दशरथ पिता वैनी सिंह लोधी, बृजेश पिता परशराम लोधी, चूरमन पिता लीलाधर लोधी, शोभाराम पिता लीलाधर लोधी, रामसिंह पिता चंद्रभान लोधी, संतोष पिता घरीराम लोधी, राकेश पिता चेतराम लोधी के विरुद्ध अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 की धारा 3 (1) VI के तहत अपराध दर्ज कर माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार शीघ्र गिरफतारी की कार्यवाही करवाने तथा पीडित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की कृपा करें। संघ की मांग है कि यह कार्यवाही 15 दिवस के भीतर होनी चाहिए अन्यथा की स्थिति में मेहरा समाज महासंघ जिले भर में भारी आंदोलन करने को विवश होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

